

## एक नजर में

### आज निकलेगी श्री राम जन्मोत्सव यात्रा

**देवास।** श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में उदय क्लब परिवार के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रभु श्री राम जी का विशाल चल समारोह आज 27 मार्च को शाम 5 बजे निकलेगी। यात्रा संयोजक आशुतोष पांडे ने बताया कि समिति का यह चतुर्थ वर्ष है। इस वर्ष यात्रा में प्रभु श्रीराम जी की प्रतिमा, बैंड, अखाड़े, ढोल, झांकियां, आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रहेगी। यात्रा तुलजा विहार से होकर आवास नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आवास नगर के बड़ी माता मंदिर पर महा आरती एवं महाप्रसाद के बाद समापन होगी।

### भजन के साथ भगवान महावीर की भक्ति में लीन



**सोनकच्छ।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी के जन्मकल्याणक से लेकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक तक प्रतिदिन मुख्य बाजार स्थित महावीर जिनालय में समाज की महिलाओं द्वारा भक्ति भजन किए जा रहे है। इस अवसर पर भजन के साथ भगवान के दिए उपदेश की देशना सुनी जा रही है। महिलाएं शाम 7 से 9 बजे तक जिनालय में भजन कीर्तन कर पुण्यकमा रही है। प्रत्येक दिन अलग थीम के माध्यम से भगवान महावीर स्वामी के दिए उद्देश्य का वाचन महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। जहां भगवान के नारे से मंदिर गुंजायमान हो गया । आयोजित कार्यक्रम में भक्त बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है।

### अंतिम कुमावत को 91 प्रतिशत अंक



**भौरासा।** भौरासा नगर के भंवरनाथ गुरुकुल मैं पढ़ने वाली कक्षा 8 वी की बोर्ड की परीक्षा में छात्रा अन्तिम पिता शांतिलाल कुमावत ने 600 अंकों में से 538 अंक प्राप्त कर 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया वही अपने स्कूल व शिक्षक एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया। वहीं उनकी उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं इनके इष्ट मित्रों ने बधाई दी है इस अवसर पर भोरासा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नरेंद्र माली, प्रेमचंद सेठी, दशरथ धाकड़, प्रदीप मंत्री, बद्रीलाल लोधी, प्रमोद पालीवाल, अभय देव नागर, मनोज शुक्ला, निक्की नामदेव, संतोष जायसवाल, शहित आदि लोगों ने इन्हें बधाई दी।

### सात दिवसीय संगीतमयश्रीमद् भागवत कथा का समापन

**देवास।** कन्नौद विकासखंड के ग्राम पंचायत इकलेरा में सरपंच निवास पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ गो तीर्थ ग्राम इकलेरा में 19 मार्च 2026 से 25 मार्च 2026 तक विद्वान कथावाचक पंडित श्री गौ भक्त नारायण शास्त्री कांटाफोड़ वालों के मुखारविंद से कथा का अमृत पान हो रहा था जिसमें इकलेरा सेक्टर की अनेक गांव की धार्मिक जनता ने पहुंचकर के उपस्थिति दर्ज कराई सरपंच आनंद संतोष जोनवाल सेल्समेन द्वारा अपने पूर्वज बालमुकुन्द जोनवाल की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में प्रतिदिन क्षेत्रीय जनता ने पहुंच करके कथा का श्रवण कर आरती पुष्पांजलि प्रसादी का पुण्य लाभ लिया ब्रह्मलीन संत बालक दास बाबा कि प्रेरणा से यह परिवार प्रतिवर्ष धार्मिक कार्य ग्राम में एवं क्षेत्र में करवाता है इस कार्य को सफल करवाने में संपूर्ण परिवार का सहयोग रहा एवं क्षेत्र के प्रतिष्ठित राजनेता पत्रकार समाजसेवी किसान व्यापारी वर्ग के लोगों ने पहुंच करके अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## 466 किलो धावड़ा गोंद जब्ती पर उठे सवाल

**वन विभाग के बयान में विरोधाभास**



**देवास/कांटाफोड़।** कांटाफोड़ क्षेत्र में वन विभाग द्वारा 466 किलोग्राम अवैध धावड़ा गोंद जब्त करने की कार्रवाई अब सवालों के घेरे में आ गई है। एक ओर विभाग ने प्रेस नोट जारी कर एक ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई बताई है, वहीं दूसरी ओर विभाग के ही कर्मचारियों के अलग-अलग बयान सामने आने से पूरे मामले पर संदेह गहरा गया है।

जानकारी के अनुसार, मुख्य वन संरक्षक उज्जैन एवं वन मंडल अधिकारी देवास के निर्देशन तथा उपवन मंडल अधिकारी कन्नौद के मार्गदर्शन में 25 मार्च 2026 की रात परिक्षेत्र अधिकारी विधि सिरोलिया के आदेश पर टीम ने कांटाफोड़-चंद्रकेशर बांध मार्ग स्थित नवोदय विद्यालय के पुराने गेट के पास बोलेरो पिकअप (एमपी09जीजी5605) को रोककर तलाशी ली। वाहन से 466 किलोग्राम धावड़ा गोंद बरामद किया गया।वन विभाग द्वारा जारी प्रेस नोट में केवल गंगा प्रसाद पिता राधेश्याम को आरोपी बताते हुए उसके खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। लेकिन बड़ा सवाल तब खड़ा हुआ जब मौके पर मौजूद बीटगार्ड द्वारा दो आरोपियों की बात कही गई, जबकि आधिकारिक दस्तावेज में केवल एक ही नाम दर्ज किया गया है। इस विरोधाभास ने पूरे मामले की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।जब इस संबंध में परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) विधि सिरोलिया से बात की गई, तो उनका कहना था कि मामले की जांच जारी है, जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। हालांकि यह जवाब भी कई सवाल छोड़ जाता है कि यदि जांच जारी थी, तो प्रेस नोट में जल्दबाजी में केवल एक आरोपी का नाम क्यों जारी किया गया।

उल्लेखनीय है कि देवास जिले में धावड़ा एवं सलई गोंद के संग्रहण पर पहले से प्रतिबंध लागू है। इसके बावजूद क्षेत्र में लगातार इस तरह की गतिविधियां सामने आना वन विभाग की कार्यप्रणाली और निगरानी पर भी सवाल खड़े करता है।

कार्रवाई के दौरान परिक्षेत्र सहायक भागीरथ टाटू, बीटगार्ड कमलेश प्रजापति, सचिन जोशी, सुरक्षा श्रमिक रमेश एवं वाहन चालक आदित्य वर्मा मौजूद रहे।

अब देखना होगा कि वन विभाग इस विरोधाभास पर क्या स्पष्टीकरण देता है और क्या वास्तव में सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है या मामला केवल कागजों तक सीमित रह जाएगा।

## पंपों पर आसानी से मिल रहा पेट्रोल, कम हुई भीड़



**देवास ।** पिछले दो दिनों से पेट्रोल पंपों पर अफवाह के कारण भारी भीड़ देखी गई। लोग बड़ी संख्या में अपनी गाड़ियों में डीजल-पेट्रोल भरवाने के लिए कतारों में खड़े थे। हालांकि, प्रशासन की लगातार अपील के बाद आज शहर में स्थिति सामान्य हो गई है।

शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर अब सामान्य भीड़ है और लोगों को रोज की तरह ईंधन मिल रहा है। यह भीड़ पिछले दो दिनों से बनी हुई थी, जिसमें लोग अनावश्यक रूप से ईंधन जमा कर रहे थे। पिछले दो दिनों में ईंधन की अत्यधिक खपत के कारण कुछ पेट्रोल पंपों पर स्टॉक खत्म हो गया। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भोपाल रोड स्थित कलेक्टर कार्यालय के पास का एक पेट्रोल पंप सुबह से दोपहर तक बंद रहा, जहां कर्मचारियों ने वाहनों का प्रवेश रोक दिया था। इसी तरह, देवास बायपास पर भी एक पेट्रोल पंप पर स्टॉक खत्म होने के कारण वाहन चालकों को ईंधन नहीं मिल पाया। प्रशासन शहर सहित जिले के लोगों से लगातार अपील कर रहा है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि जिले के पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है और लोगों को अनावश्यक रूप से ईंधन जमा नहीं करना चाहिए।

## नवनियुक्त किसान कांग्रेस अध्यक्षों का किया स्वागत



**सोनकच्छ।** किसान कांग्रेस के सोनकच्छ ब्लॉक अध्यक्ष पद पर दिलीप सिंह गुर्जर (मीरपुरखेड़ी) एवं पीपलरावां ब्लॉक अध्यक्ष पद पर फूलसिंह सोलंकी (देहरी) की नियुक्ति होने पर जनपद पंचायत परिसर में उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर दोनों नवनियुक्त अध्यक्षों को पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी गई।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरजसिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौदानसिंह पंवार, नगर अध्यक्ष देवेंद्र जोशी, जनपद सदस्य आत्माराम सेंधालकर, सरपंच दिनेश धाकड़ सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता विक्रमसिंह नागर, राधेश्याम चौधरी, बलवान सिंह कुशवाह, शैतानसिंह तंवर, राजू गौड़, बहादुरसिंह मोडरिया, राजेंद्रसिंह राजपूत, शोएब शेख, धन्नालाल बामणिया, ब्रजकिशोर पाटीदार, सौदानसिंह फौजी, उमराव सिंह चौधरी, राहुल सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।

## जिला युवा कांग्रेस ने दी सुभद्रा वर्मा को श्रद्धांजलि




**देवास।** विगत दिनों मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की धर्मपत्नी सुभद्रा वर्मा का आकस्मिक निधन हो जाने पर केला देवी चौराहे पर जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अक्षय बाली के नेतृत्व में श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में अतुल सिंह राजपूत (विधानसभा उपाध्यक्ष), राहुल व्यास ,सतीश सोलंकी, अनिकेत गोस्वामी ,राहुल उपाध्याय , हिमांशु नागौर , वासु घारू, रोहित उपाध्याय , अर्जुन भैया, गोविंद राठौड़ ,हार्दिक व्यास, सचिन बाली , सुजीत बाली ,भादर परमार ,मुकुल रॉय, लाखन भाटिया, विपुल शर्मा,कार्तिक कलेसरिया,मोहित शर्मा,अक्षय डोडिया,अक्षय गरासिया आदि युवा कांग्रेस के साथीगणों उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## सूचना अधिकार आवेदन कर्ता पर हमला, कन्नौद में पत्रकारों ने रोष व्यक्त कर ज्ञापन सौपा



**कन्नौद ।** मध्य प्रदेश के हरदा शहर मे पिछले दिनों सूचना अधिकार आवेदन कर्ता ( आर टी आई कार्यकर्ता ) आनंद जाठ पर कुछ व्यक्तियों ने जान लेवा हमला कर दिया . गंभीर हालत में वह चिकित्सालय में इलाज करा रहे है मध्य प्रदेश मे असामाजिक तत्वो के हौसले बढते जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्रकार समाचार प्रकाशन करे या आर टी आई कार्यकर्ता जानकारी मांगे असामाजिक तत्व गुण्डा गर्दी करने लगते है ऐसा पहले भी कई मर्तबा हो चुका है जबकि भारत सरकार व्दारा सूचना अधिकार अधिनियन 2005 मे इस उद्देश्य के साथ बनाया था कि प्रत्येक भारतीय नागरिक नियमानुसार जानकारी प्राप्त करके सरकारी कार्यालय मे हुई अनियमितता उजागर कर सके लेकिन यहां प्रशासन की सुस्त कार्य प्रणाली से ऐसी घटनाए बढ रही है कन्नौद मे पत्रकारो ने मुख्यमंत्री भोपाल आयुक्त राज्य सूचना आयोग भोपाल तथा कलेक्टर / ऐसपी देवास को संबोधित ज्ञापन तहसील दार कन्नौद अंजली गुप्ता को सौपा तथा दोषियो पर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई करने की मांग की ।

## जनजागरुकता कार्यक्रम में समिति सदस्यों को बांटे प्रशस्ति पत्र

**जल संरक्षण पर सेक्टर में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी**



**भौरासा ।** भौरासा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार एवं जन अभियान परिषद के द्वारा संपूर्ण मध्य प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति, कार्यक्रम किया जा रहा है ।

इस कड़ी में विकासखंड सोनकच्छ अंतर्गत भौरासा सेक्टर में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड समन्वयक मानसिंह मालवीय के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शक्ति की पूजा अर्चना, माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भौरासा भाजपा बाबा भंवरनाथ मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा, नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा उपस्थित थे। जल सरक्षण पर सेक्टर में चल रही गतिविधियों की जानकारी दुर्गा धाकड़ के द्वारा दी गई अतिथियों ने कहा कि यह जनभागीदारी आधारित अभियान है, जिसका उद्देश्य नदियों, तालाब की सफाई, जल संरक्षण, अमृत सरोवर निर्माण और जल संरक्षण के लिए जन जागरूकता बढ़ाना है जो समाज में समान भागीदारी के साथ जल संसाधनों के संरक्षण का संदेश देती है। परामर्शदाता अक्षय जोशी ने बताया कि इस अभियान के तहत परिषद द्वारा प्रभात फेरी, कलश यात्रा, भूमि सुपोषण (भूमि पूजन), वृक्ष पूजन, जल स्त्रोत पूजन, मानस पाठ, जल मंदिर (पानी का प्याऊ),भजन संध्या, दीपमाला, देवी गीत संकीर्तन और आरती सहित विभिन्न गतिविधियाँ जनसहभागिता के माध्यम से आयोजित की जा रही हैं। नावांकुर संस्था मां कल्याणी सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति के अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा धाकड़ ने कहा कि अभियान का शुभारंभ 19 मार्च से हुआ है और यह निरंतर 30 जून तक संचालित किया जाएगा। जन अभियान परिषद द्वारा जल स्त्रोत सेवा समागम के तहत प्रतिवर्ष जनसहयोग से नदियों, घाटों, तालाबों, झीलों और बावड़ियों की सफाई एवं संरक्षण का कार्य निरंतर किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन के तीनों चरण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। अतिथियों द्वारा ग्राम विकास प्रस्पुटन समिति के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

## सीनियर केएआई नेशनल कराते प्रतियोगिता में हर्ष चौहान को स्वर्ण पदक



**देवास।** 23 व 24 मार्च 2026 को भोपाल की एल एन सी टी यूनिवर्सिटी में सीनियर व अंडर 21 राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें पूरे भारत के विभिन्न राज्यों के लगभग 450 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए देवास के कराते खिलाड़ी हर्ष चौहान ने 84 किलो से कम भार वर्ग की कुमीते स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलवाया व मध्य प्रदेश व देवास जिले का नाम रोशन किया।

कराते असोसिएशन ऑफ इंडिया की इस अधिकृत राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में संघ से संबंधित जिले के खिलाड़ी हर्ष चौहान की इस उपलब्धि पर एमेच्योर कराते एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष प्रथम विश्वामित्र अवॉर्ड जयदेव शर्मा, महासचिव परितोष शर्मा, एमेच्योर करसते असोसिएशन जिला देवास अध्यक्ष राजेश कुमावत, उपाध्याय मीना राव, सचिव राजीव चौहान, संयोजक भावेश नीम, कृष्ण यादव, ऋषभ यादव, खेल एव् युवक कल्याण विभाग देवास ब्लॉक प्रमुख युनुस खान, राजेश बराना, विश्वास उपाध्याय, जितेंद्र नागर, शैलेन्द्र सिंह गौड़, निखिल, अशोक सिंह गौड़ आदि ने बधाई दी।

## आज्ञा शर्मा ने किया टॉप



**कांटाफोड़।** गत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा 8 वीं के परिक्षा परिणाम में नगर के दी सुजान पब्लिक स्कूल की छात्रा ने अंग्रेजी माध्यम से 91 प्रतिश अंक अर्जित किए उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य दलजीत सिंह भाटिया सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं बधाई प्रेषित की।

## ग्राम पंचायत के नाम है विद्युत कनेक्शन, पैसा भी पंचायत करे जमा

**देवास।** ग्राम पंचायतों को दिए गए लाखों रुपयों के बिजली बिलों की समस्या को लेकर जनपद पंचायत बागली के सभागृह में आयोजित मीटिंग में बागली जनपद सीईओ राजू मेढा ने कहा शासन द्वारा लिए गए निर्णयानुसार ग्राम पंचायत के नाम से जो बिल है उन्हें ग्राम पंचायत अपनी आय से जमा करें।

मीटिंग में कार्यपालन यंत्री निमेष कुमार, सरपंच,सचिव की उपस्थिति में यह आम समिति बनी की जो कनेक्शन चालू है जिनका उपयोग किया जा रहा है वर्ष 2025 - 2026 का बिल ग्राम पंचायत जमा करें तथा जो नल जल योजना अभी ग्राम पंचायत के हैंडोवर नहीं हुई है, उनका बिल पी एच ई या संबंधित ठेकेदार नियमानुसार जमा करेंगे। सरपंच संघ अध्यक्ष नाथू सिंह सेंधव ने कहा जहां बिजली का उपयोग किया जा रहा है वहां पर मीटर लगाएं एवरेज बिलों में दिक्कत आती है। जो अवैध कनेक्शन है उन्हें काट दिया जाएं। हम भी चाहते हैं अवैध रुप से कोई भी बिजली का दुरुपयोग न करें। सोबल्यापुरा सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह परिहार ने कहा सुबह 5 बजे से 9 बजे के बीच बार-बार लाइन कटती है, जिस कारण वाटर सप्लाई में दिक्कत आती है। इस समस्या को हल किया जाये। बहुत से बील मौकेनुसार नहीं हैं, इनमें बहुत- सी त्रुटियां हैं। जिस अनुपात में बिजली का उपयोग किया जा रहा है,उसी अनुसार बिल दिए जाएं तो हमे बिजली बील जमा करने में कोई परेशानी नहीं है। सरपंचों द्वारा बताई समस्याओं को कार्यपालन यंत्री ने नोट कर सुधार करने का आश्वासन देते हुए कहा पंचायत क्षेत्र में जो अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे हैं उन्हें आप रोकने में हमारा सहयोग करें। हम सब शासन के ही अंग हैं, सकारात्मक सोच के साथ शासन का सहयोग करें।

## पीपलरावां नगर परिषद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के वित्तीय अधिकारों पर रोक




**देवास।** जिले की नगर परिषद पीपलरावां के लिए हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने गुरुवार को एक अंतरिम आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत अध्यक्ष कविता शर्मा और उपाध्यक्ष राजेंद्र नाहर के वित्तीय अधिकारों पर रोक लगा दी गई है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक निर्वाचन की आधिकारिक गजट अधिसूचना जारी नहीं होती, तब तक वे किसी भी प्रकार के वित्तीय अधिकारों का उपयोग नहीं कर सकेंगे।

यह मामला स्थानीय निवासी देवनारायण टेलर द्वारा उच्च न्यायालय में दायर याचिका के बाद सामने आया। याचिका में निर्वाचन प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए थे। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमितराज ने कोर्ट में दलील दी कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन हो चुका है, लेकिन उनका कार्यकाल विधिक रूप से गजट नोटिफिकेशन के बाद ही प्रभावी माना जाएगा। हाईकोर्ट के इस आदेश से नगर परिषद की प्रशासनिक गतिविधियों पर सीधा असर पड़ेगा। विशेषकर उन कार्यों पर जिनमें वित्तीय स्वीकृति आवश्यक है, वे प्रभावित होंगे। देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट द्वारा वित्तीय अधिकारों पर रोक लगाई गई है। इस संबंध में न्यायिक रूप से क्या कार्रवाई की जा सकती है, इस पर विचार किया जा रहा है। वरिष्ठ कार्यालय को भी इस स्थिति से अवगत करा दिया गया है। इस मामले की अगली सुनवाई 4 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

**एक नजर में** — भागवताचार्य महामंडलेश्वर भास्करनंद ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया

## आपकी इच्छा पूरी हो जाएं यह प्रभु कृपा है, पूरी नहीं हुई ये प्रभु की इच्छा है : भास्करानंदजी




**देवास।** मानव के श्रेष्ठ कर्म उसे महा मानव बनाती है किंतु नर से नारायण की यात्रा का मार्ग श्रीमद भागवत दिखाती है।धन हो किंतु लोभ न हो वो श्रेष्ठ मनुष्य है श्रेष्ठता धन से नही धन के सदुपयोग से प्राप्त होती है। अभिमान पद प्रतिष्ठा को नष्ट करती है अंहकार शौर्य और माधुर्य का नष्ट करता है। हमारी सनातन संस्कृति सिर्फ जीवन जीने के नहीं बल्कि प्रभु भक्ति और सेवा धर्म के आनंद से जीने की है।

आपकी इच्छा पूरी हो जाए यह प्रभु कृपा है , कोई इच्छा पूरी हुई है तो यह प्रभु की इच्छा है । ईश्वर भक्तों की उसी इच्छा को पूरी करता है जिसमें उसका हित है ।यह आध्यात्मिक विचार चैत्र नवरात्रि में केला देवी मंदिर में हो रही संगीतमय श्री मद भागवत कथा के विश्राम दिवस पर भागवताचार्य महामंडलेश्वर भास्करानंद जी ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहे ।आपने बताए सुदामा कोई गरीब ब्राह्मण नहीं था जो ब्राह्मण सखा को सर्वोच्च मानता है वो निर्धन नहीं होता है। आपने उज्जैन की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लोग भाग्य शाली है जहां महाकाल और शक्ति की छत्रछाया में रहते है। उज्जैन इस श्रृष्टि का श्रेष्ठ नगर है जहां जगत पति भगवान कृष्ण का गुरुकुल एवं ससुराल है इसलिए मालवा कीर्ति बनी हुई है। हमे हमेशा इष्ट के साथ पंचदेव की पूजा करना चाहिए। कथा मे गुरुदेव जीवन दर्शन के अनेक सूत्र को बताते हुए आध्यात्मिक गाथाओं का सुंदर वर्णन किया। व्यास पीठ की पूजा कथा आयोजक मन्नूलाल गर्ग , गणेशीलाल सिंघल,अनामिका दीपक गर्ग, समिति संयोजक रायसिंह सेंधव, समिति अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल, अश्विन गोयल इंदौर ,रमन शर्मा, वीणा महाजन एवं परिवार ने की। आरती में इंदरसिंह नागर, राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास , महापौर गीता अग्रवाल , जे के विजय , संघ के अशोक गुप्ता, कैलाश चंद्रावत बीएनपी के सेवानिवृत अधिकारी राजेश पटेल, संजय शर्मा, कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज राजानी , ओपी तापड़िया, गणेश पटेल , अमित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या महिला पुरुषों ने कथा का श्रवण किया । आरती बाद महाप्रसादी ग्रहण की। संचालन चेतन उपाध्याय किया आभार दीपक गर्ग ने माना।